राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पंचायती राज मंत्री श्री कपिल देव कामत के असामयिक निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 16 अक्टूबर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने बिहार के पंचायती राज मंत्री श्री कपिल देव कामत के असामयिक निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि स्व॰ कामत एक लोकप्रिय राजनेता, संवेदनशील प्रशासक तथा कुशल समाजसेवी थे। समाज के गरीब, कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के बहुमुखी विकास हेतु वे आजीवन प्रयासरत रहे। उनके निधन से सामाजिक–राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत मंत्री स्व॰ कामत की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस दारूण घड़ी में धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....